तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025

13 प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ भरी जिंदगी में संजीवनी औषधि से कम नहीं ध्यान ..



14 बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण, डीटीपी की जेसीबी चली, फार्महाउस तक किए धराशाही



## खबर संक्षेप

### ट्रेन में जेब तराशने पर जीरो एफआईआर दर्ज

**रेवाड़ी।** झेलम एक्सप्रेस में चढ़ते समय रेल यात्री की जेब तरासने पर जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए उसे नई दिल्ली जीआरपी को प्रेषित किया है। जीआरपी को दर्ज शिकायत में चरखी दादरी निवासी राजेश कुमार मित्तल ने बताया कि वह नेपानगर जाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से झेलम एक्सप्रेस में चढ़ रहा था। ट्रेन में चढ़ते समय उसकी जेब काटकर 6500 रुपये निकाल लिए गए। जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद उसे आगामी कार्रवाई के लिए नई दिल्ली जीआरपी को भेज दिया।

### मेहंदीपुर बालाजी से लौट रहा व्यक्ति लापता

**धारूहेड़ा।** मेहंदीपुर बालाजी से लौट रहा रामजस नगर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति लापता हो गया। पुलिस शिकायत में शुभम ने बताया कि उसका पिता मेहंदीपुर बालाजी गया था। उसकी मां से उसके पिता की बात 14 जून को दोपहर के समय हुई थी। उसके पिता ने शाम तक घर पहुंचने की बात कही थी। उस समय उसका पिता अलवर पहुंच चुका था। बाद में उसका पिता घर नहीं लौटा। फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद लापता का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### महिला से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**डहीना।** निमोठ गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसकी सास और देवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस बयान में महिला ने आरोप लगाया था कि जब वह अपने प्लॉट में जा रही थी, तो सास शारदा व देवर सोमदत्त ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। गांव के लोग वहां एकत्रित हो गए, तो आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज किया था। आरोपी मां-बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बेटे को साथ लेकर घर से फरार हुई महिला

**कसोला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 6 साल के बेटे को साथ लेकर महिला फरार हो गई। पुलिस शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह किराए के कमरे में रह रहा है। 11 जून को वह कमरे पर पहुंचा तो उसकी पत्नी नहीं मिली। वह अपने साथ बेटे को भी ले गई। घर में रखी नकदी व जेवरात भी वह अपने साथ ले गई है। उसने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला युवक मुकेश उसकी पत्नी को भगाकर ले गया। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी तफ्तीश में शामिल

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण व फर्जी आधार कार्ड बनवाकर जन्मतिथि बदलने के मामले में एक आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत पर वर्ष 2023 में उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण करने, आधार कार्ड में डेट चेंज कराकर शादी कराने के आरोप में केस दर्ज किया था। एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

### मारपीट मामले में महिला सहित चार गिरफ्तार

**डहीना।** पुलिस चौकी ने औलांत में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 15 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में ओलांत निवासी अजीत कुमार, रोहित, राकेश कुमार व उषा देवी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

# कुतुबपुर में आक्रामक रूप में आई गाय, हमला कर पांच लोगों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की सड़कों पर घूमते गोवंश की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नगर परिषद की लापरवाही व सुस्ती का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर परिषद की ओर से गोवंश को पकड़ने का ठेका देने के बावजूद शहर की सड़कों पर गोवंश की तादाद बढ़ती जा रही है तथा ये गोवंश आक्रमक रूप लेकर लोगों को घायल करके अस्पताल पहुंचाने का काम कर रहे है। गोवंश के हमले के ताजा मामले में शहर के मोहल्ला कुतुबपुर में एक गाय ने कई लोगों को हमला करके घायल कर दिया। लोगों पर हमला करती गाय की तस्वीरे सीसीटीवी में भी कैद हो गईं। गाय के हमले से पांच से अधिक लोग घायल हो गए। हालांकि मंगलवार को फर्म की ओर से हमलावर गाय को पकड़ लिया गया, लेकिन सवाल यह है कि आखिर शहरवासी गोवंश की मार कब तक झेलते रहेंगे।

### गोवंश के हमलों में कई घायल

गाय ने एक व्यक्ति को इतनी जोर से टक्कर मारी की वह एक व्यक्ति सड़क पर दूर जा गिरा। इसके अलावा गाय ने घर के गेट पर खड़े पूर्व पार्षद प्रदीप भार्गव के भतीजे पर भी हमला कर दिया। यह घटना पूर्व पार्षद के घर के पास हुई, जिसमें गाय ने 5 लोगों पर हमला किया। गाय के हमले में कुतुबपुर निवासी विनोद, राजेश व नवीन सहित कई लोग घायल हो गए। प्रदीप भार्गव ने कहा कि नगर परिषद की लापरवाही के कारण गोवंश पकड़ने का ठेका लेने वाली फर्म अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा कि आखिर टेंडर का पैसा कहा जा रहा है, इसकी विजिलेंस जांच होनी चाहिए। शहरवासी गोवंश के कारण भय के साए में जी रहे हैं। इससे पहले भी गोवंश के हमलों में कई लोग घायल हो चुके हैं।

### शहर की सड़कों से खत्म नहीं हो रही गोवंश की समस्या



■ लोगों को घायल करने के बाद ही एक्टिव हो रही नगर परिषद

रेवाड़ी। गाय को पकड़ते हुए फर्म के कर्मचारी।



रेवाड़ी। गाय के हमले में घायल विनोद।



रेवाड़ी। गाय के हमले में घायल राजेश।

### लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे गोवंश



डीएमसी राहुल मोदी ने गत दिवस पशुपालकों को चेतावनी दी थी कि वे अपने जानवरों को सड़कों पर खुला छोड़ेंगे तो उनके खिलाफ नगर परिषद की ओर से एफआईआर दर्ज की जाएगी। हालांकि एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन सालों से बेसहारा पशुओं को गोशाला भेजने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत में शहर में काफी संख्या में सड़कों पर गोवंश देखे जा सकते है। हर बार किसी व्यक्ति पर हमला होने के बाद ही नगर परिषद के अधिकारियों को होश आता है और गोवंश पकड़े जाते है, लेकिन पशुपालकों की ओर से जुर्माना भरने के बाद ये गोवंश फिर से सड़कों पर आ जाते है। शहर की सड़कों पर घूमते ज्यादातर गोवंश पशुपालकों की ओर से दूध दोहने के बाद छोड़ दिए जाते है, जोकि लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते है।

## रामगढ़ भगवानपुर ने दी थी अस्पताल और वाटर टैंक के लिए जमीन

# अस्पताल बनाने की शर्त पर वाटर टैंक, मंत्री की वादा खिलाफी पर रोष, ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

■ अब शहबाजपुर खालसा में अस्पताल बनाने की योजना पर बिफरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अपील पर रामगढ़ भगवानपुर की पंचायत ने गांव में 200 बेड का अस्पताल व वाटर टैंक निर्माण के लिए सरकार को जमीन दी थी। वाटर टैंक के लिए जमीन सरकार के नाम हो चुकी है। सरकार की ओर से अस्पताल शहबाजपुर खालसा में बनाने की योजना का पता चलने के बाद पांच गांवों के लोगों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा कि अगर गांव में अस्पताल नहीं बनाया जा रहा, तो वाटर टैंक के लिए दी हुई जमीन भी पंचायत को लौटाई जाए। इसी मांग को लेकर मंगलवार को पांच गांवों के लोगों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। शहर के सिविल अस्पताल को बाहर शिफ्ट करने के लिए सरकार लंबे समय से जमीन की तलाश में थी। पेयजल संकट का समाधान करने के लिए भी सरकार को जमीन नहीं मिल पा रही थी। रामगढ़ भगवानपुर, फिदेड़ी, बुड़ानी व काकोड़िया आदि गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने आश्वासन दिया था कि अगर रामगढ़ भगवानपुर में पंचायत सरकार को जमीन देती है, तो अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण वहां करा दिया जाएगा। ग्राम पंचायत अस्पताल के लिए जमीन देने को तैयार हुई, तो मंत्री ने वाटर टैंकों का निर्माण कराने के लिए भी जमीन देने का आग्रह किया था। केंद्रीय मंत्री के कहने पर रामगढ़ भगवानपुर की पंचायत ने 200 बेड के अस्पताल के लिए 8 एकड़ व वाटर टैंकों के निर्माण के लिए 9 एकड़ 7 कनाल जमीन देने के प्रस्ताव सरकार को वर्ष 2022 में भेजे थे। पंचायत विकास विभाग की ओर से वाटर टैंकों की जमीन के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी थी, लेकिन अस्पताल की जमीन फाइल में ऑब्जेक्शन लगाकर इसे संशोधित करने के लिए भेज दिया था। जब ग्रामीणों को इस बात का पता चला कि सरकार शहबाजपुर गांव में 5 एकड़ में अस्पताल बनाने की तैयार कर रही है, तो ग्रामीणों का रोष बढ़ गया।









रेवाड़ी। रामगढ़ भगवानपुर में बस स्टैंड पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण, ग्रामीणों की ओर से धरना स्थल पर लगाया गया स्लोगन। फोटो :हरिभूमि

### मंत्री के नहीं मिलने पर बढ़ गया गुस्सा

अस्पताल रामगढ़ भगवानपुर गांव में ही बनाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को पांच गांवों के दर्जनों लोग केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने के लिए उनके रामपुरा निवास पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप था कि समय देने के बाद भी मंत्री उनसे नहीं मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि अगर सरकार गांव में अस्पताल नहीं बनवाएगी, तो वाटर टैंक के लिए कराई गई जमीन की रजिस्ट्री को भी हर हाल में कैंसिल कराया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पर वादा खिलाफी करने के आरोप भी लगाए।

### बस स्टैंड पर अनिश्चितकालीन धरना

रामगढ़ भगवानपुर में ही अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर पांच गांवों के लोगों ने मंगलवार को गांव के बस स्टैंड पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। पहले दिन रामगढ़ निवासी सरपंच प्रतिनिधि धर्मपाल, सतीश बुड़ानी, अभयसिंह फिदेड़ी, हनुमत रामगढ़, वेद भगवानपुर, अनिल कुमार व देवेंद्र आदि धरने पर बैठे। धरने को संबोधित करने वाले वक्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर अस्पताल निर्माण शहबाजपुर में करवाया गया, तो उसे रामगढ़ की वाटर टैंक के लिए दी हुई हर हाल में वापस करनी होगी।

### पांच एकड़ जमीन को बता चुके कम

ग्रामीणों का कहना है कि पहले अस्पताल के लिए गोकलगढ़ की पंचायत ने पांच एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव सरकार को दिया था। अधिकारियों ने इस जमीन को फिजिबल नहीं माना था। जमीन को अस्पताल के लिए कम माना गया था। साथ ही दो रेलवे फाटक होने का तर्क भी दिया गया था। अब शहबाजपुर की पंचायत ने भी पांच एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव दिया है, जबकि रामगढ़ की पंचायत 8 एकड़ जमीन सरकार को दे रही है। ऐसे में अस्पताल गांव रामगढ़ में ही बनना चाहिए।

## चद्दर खरीदने के बहाने आए गल्ले से नकदी लेकर फरार

**रेवाड़ी।** फिदेड़ी मोड़ पर एक दुकान पर चद्दर खरीदने के बहाने बाइक पर आए दो युवक गल्ले से 70 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

झज्जर चौक काठमंडी निवासी तनिष्क यादव ने बताया कि उसकी फिदेड़ी मोड़ पर दुकान है। उसकी दुकान पर दो लोग चद्दर खरीदने के लिए आए थे। दुकान में बने ऑफिस में आकर दोनों ने चद्दर दिखाने को कहा। वह उन्हें साथ लेकर चद्दर दिखाने लगा। इसी दौरान उनमें से एक मौका पाकर उसके ऑफिस में चला गया। गल्ले से 70 हजार रुपये निकाल लिए। चद्दर दिखाने के बाद वह अपने ऑफिस में आया तो एक पांच सौ रुपये का नोट फर्श पर गिरा हुआ था। उसने गल्ला चेक किया तो नकदी गायब मिली। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दोनों भागने लगे। उसने दोनों को रोकने का प्रयास किया, परंतु वह भागने में कामयाब हो गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की, तो उनमें से एक युवक गल्ले से पैसे निकालता हुआ दिखाई दिया। उसने फुटेज पुलिस को सौंप दी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद फुटेज के आधार आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

## कंवाली से बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

पुलिस ने कंवाली गांव से बाइक चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व पुलिस एक आरोपी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस शिकायत में कंवाली निवासी संजय कुमार ने बताया था कि वह 10 जून की रात अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी करने के बाद ड्यूटी पर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने नेहरूगढ़ निवासी सोनू को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया था। उसने पूछताछ में बताया था कि यह बाइक उसने नांगल भगवानपुर निवासी रोहित उर्फ हवलदार से 3 हजार रुपये में खरीदी है। पुलिस ने आरोपी रोहित को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त मे बाइक चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस ने दो स्थानों से शराब पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकार दो लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। थाना धारूहेड़ा पुलिस को सूचना मिली थी कि भिवाड़ी-धारूहेड़ा रोड पर एक बुक स्टोर पर भीम बस्ती छोटा बाजार निवासी राहुल सैन अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम बुक स्टोर पर पहुंची तो उसका मालिक राहुल सैन पुलिस को देखकर भाग गया। बुक स्टोर को चेक करने पर वहां से अंग्रेजी शराब की 5 बोतल, 22 अध्धे, 20 पव्वे, देशी शराब की 7 बोतल, 8 अध्धे, 30 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने ढालियावास में शराब बेच रहे इंद्रजीत उर्फ चूरी को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे से 52 पव्वे शराब बरामद हुई। उसे गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

## अवैध हथियार मुहैया कराने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गत 10 मई को पुलिस ने भजन का बाग मोहल्ला निवासी रोहित उर्फ कालिया को देशी कट्टे व तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसने कट्टा व कारतूस डब्बू से लिए थे। पुलिस ने डब्बू को भी इस मामले में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने हथियार सप्लाई के आरोप में डब्बू को काबू किया तो उसने बताया कि उसे हथियार गुरूग्राम के खेड़ा खर्मपुर निवासी रजत उर्फ काजू ने मुहैया कराया था। सीआईए ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे सिटी पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी रजत उर्फ काजू। फोटो :हरिभूमि

## प्री-मानसून बरसात से सड़कों पर एकत्रित हुआ पानी, कपास व बाजरे की फसलों के लिए किया टॉनिक का काम

# झमाझम बारिश से जलमग्न हुआ शहर, उमस भरी गर्मी से मिली राहत

■ शाम के समय कई इलाकों में मूसलाधार बारिश होने के बाद मौसम खुशगवार हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आसमान में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी होने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। शाम के समय कई इलाकों में मूसलाधार बारिश होने के बाद मौसम खुशगवार हो गया, जिससे भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई। एक घंटे तक हुई लगभग 40 एमएम तक बरसात होने से शहर में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। सड़कों पर पानी एकत्रित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात का सिलसिला सप्ताह के अंत तक रुक-रुककर जारी रह सकता है, जिससे तापमान में गिरावट भारी गर्मी से राहत दिलाएगी। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बादलों के बीच बूंदबांदी होती रही। दोपहर तक आसमान साफ होने के बाद तेज धूप निकली। हवा में नमी का स्तर 87 फीसदी तक होने के कारण दोपहर के समय उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर छकाया। अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की कमी के साथ 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी बढ़ते ही धूप निकलने के बाद लोगों के पसीने छूटने शुरू हो गए। उमस के कारण कूलरों की हवा भी बेअसर साबित होने लगी। शाम के समय एक बार फिर से बादल गहरा गए, जिससे कई इलाकों में झमाझम बरसात हुई। बरसात के बाद मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच बार-बार हल्की या मध्यम बरसात हो सकती है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।





रेवाड़ी। मंगलवार शाम को आई बरसात से भाड़ावास गेट के पास भरा पानी, मंगलवार शाम को आई बरसात से मॉडल टाउन में भरा पानी। फोटो :हरिभूमि

### फसलों के लिए अनुकूल बना मौसम

जिले के किसानों ने जून माह के शुरू में ही बाजरे की बिजाई कर दी थी। बाजरा की फसल को पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। किसान नलकूपों की सिंचाई से फसल बचाने में लगे हुए थे। दो दिन से मौसम में बदलाव के चलते बाजरा और कपास दोनों फसलों को फायदा मिला है। अच्छी बरसात के बाद जो किसान बाजरे की बिजाई नहीं कर पाए थे, वह भी अब बाजरे की बिजाई शुरू कर देंगे। बरसात के बाद बिजली की खपत में लगभग 10 लाख यूनिट तक की कमी आने का अनुमान है। इससे लोगों को पावर कटों से भी राहत मिली रहेगी।

### आफत बना शहर में जलभराव

प्री-मानूसन बरसात के बाद एक बार फिर शहर में जल निकासी के पुख्ता प्रबंध तार-तार नजर आए। बारिश के कारण नालों से पानी छलककर सड़कों पर एकत्रित हो गया। इससे वाहन चालकों से लेकर पैदल चलने वाले लोगों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नाईवाली चौक, ब्रास मार्केट, अनाजमंडी, बावल रोड व मॉडल टाउन सहित शहर के कई इलाकों मे बरसाती पानी एकत्रित हो गया। पानी निकासी के प्रबंध पुख्ता नहीं होने के कारण मानसून के सीजन में लोगों को इससे भी अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।



# जेनेलिया



## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।





# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते





# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज


**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।


## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी।'*

## खबर संक्षेप

### अजय कुमार बने बावल विस के युवा कांग्रेस अध्यक्ष

**रेवाड़ी।** हरियाणा युवा कांग्रेस ने हाल ही में हुए चुनावों में गांव टींट निवासी ब्लॉक समिति मेंबर अजय कुमार बावल विधानसभा के युवा अध्यक्ष चुने गए है। इस नियुक्ति पर अजय कुमार ने कहा कि वे युवाओं के मुद्दों और समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने का काम करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुचाने का कार्य किया जाएगा।


अजय कुमार

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**रेवाड़ी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों को ही प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।



### सैनी सभा के निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग

**महेंद्रगढ़।** सामाजिक संस्था सैनी सभा की कार्यकारिणी का कार्यकाल बीती 12 जून को समाप्त हो गया। चुनाव से पूर्व सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंगलवार को सभा के पदाधिकारियों की ओर से कार्यालय के मुख्यद्वार पर तालाबंद कर सदस्यता फार्मों का मामला तुल पकड़ गया है। सैनी समाज से जुड़े लोगों ने इसमें हेराफेरी व गड़बड़ी होने की आशंका व्यक्त कर प्रशासन से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है।



### जल संरक्षण की दिशा में उठाए जा रहे ठोस कदम

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ जिले में जल संचयन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल शक्ति अभियान 2025 कैच द रेन व्हेन इट फॉल्स के तहत ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल संचयन संरचनाओं को मजबूत करें और पारंपरिक जल निकायों व तालाबों का जीर्णोद्धार करें। डॉ. भारती ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे इन कार्यों को जेएसए पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान नौ मार्च से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा।

### शिविर में 48 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**नारनौल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान डॉ. विवेक भारती व जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव बलवान सिंह के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे विश्व रक्तदाता पखवाड़ा के तहत गतदिवस नगर परिषद कार्यालय में एक स्वैच्छिक रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में 48 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान। नगराधीश मंजीत कुमार व नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

---

### ध्यान से मस्तिष्क शांत होता, एकाग्रता और स्मृति बढ़ती है

# प्रतिस्पर्धा व भागदौड़ भरी जिंदगी में संजीवनी औषधि से कम नहीं ध्यान

**यदि रोजाना नियमित 20 मिनट ध्यान का अभ्यास किया जाए तो हम सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक रोगों से छुटकारा पा सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्तमान की प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अशांत और दुखी होता जा रहा है। जीवन में कहीं भी संयम, धैर्य या ठहराव नहीं है, जिसकी वजह से आज मनुष्य अनेक शारीरिक एवं मानसिक रोगों का शिकार होता जा रहा है, जिसका एकमात्र समाधान ध्यान का अभ्यास है। योग आचार्य डा. धर्मवीर ने कहा कि यदि रोजाना नियमित 20 मिनट ध्यान का अभ्यास किया जाए तो हम सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक रोगों से छुटकारा पा सकते हैं। क्योंकि ध्यान वर्तमान की संजीवनी औषधि से कम नहीं है।



**रेवाड़ी।** ध्यान योग की मुद्रा में युवती व ध्यान योग की मुद्रा में आचार्य धर्मवीर।

**ध्यान करने से ये होगा फायदा**

नकारात्मक विचार दूर होते हैं एवं सकारात्मक भावनाएं विकसित होती है। तनाव, चिंता, अवसाद, क्रोध व भय दूर होकर मनोबल बढ़ता है। मस्तिष्क शांत होता है, एकाग्रता व स्मृति बढ़ती है। शरीर एवं मन को पूर्ण विश्राम मिल जाता है जिसे शरीर में नवीन ऊर्जा का संचार होता है। संपूर्ण शरीर के आंतरिक अंगों की क्रियाशीलता को व्यवस्थित करता है। ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति में सुप्त अवस्था में पड़ी हुई शक्तियों का जागरण होता है। निरंतर ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति समाधि की अवस्था को भी प्राप्त कर सकता है।

**श्वासों पर ध्यान लगाने की विधि**

यह ध्यान की सबसे सरल विधि है। इसमें केवल आती-जाती सांसों पर ही ध्यान लगाना होता है। इस विधि में पूरी सजकता से आती-जाती सांसों को सहज भाव से अतः चक्षुओं से देखा जाता है। सर्वप्रथम अपनी सुविधा अनुसार किसी भी ध्यानात्मक आसन में आराम से बैठ जाएं। हाथों को ज्ञान मुद्रा या ध्यान मुद्रा में रखें। सहजता से आंखें बंद करें लंबा व गहरा श्वास ले और छोड़ दे। माथे, चेहरे ,आंखों में और कंधों पर किसी भी प्रकार का कोई तनाव दबाव न रहें। किसी भी शुभ अशुभ अच्छे बुरे विचार को न पकड़े, केवल तटस्थ भाव से विचारों को देखते रहे। आते-जाते सांसों को न छोटा करें और न लंबा करें, जो चल रहा है उसे ही महसूस करें अर्थात आती जाती सांसों को सहज भाव से मन की आंखों से देखते रहे। धीरे-धीरे श्वास स्वतः ही गहरा होता चला जाएगा। इस स्थिति को 5 से 15 मिनट तक बनाएं रखने का प्रयास करें। ध्यान का समापन करते समय लंबा व गहरा सांस लें और दोनों हथेलियां को घर्षण करके आंखों पर रखें। हथेलियां को चेहरे से स्पर्श करते हुए हटाए और आंखों को टिमटिमाते हुए जमीन की तरफ देखते हुए खोल लें। ध्यान का अभ्यास शुद्ध एवं शांत प्राकृतिक वातावरण में करें।

उन्होंने कहा कि पूरी जागरूकता, सतर्कता एवं चेतना के साथ वर्तमान में रहना ही ध्यान है। ध्यान एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जो अंतर्गत की यात्रा है।

वर्तमान में प्रेक्षा ध्यान, विपश्यना ध्यान, भावातीत ध्यान, सगुण ध्यान, निर्गुण ध्यान, जिब्रिस ध्यान, साइक्लिक ध्यान व ओम ध्यान आदि ध्यान की विद्या प्रचलित है।

साधक को अपने मत, पंथ, स्वभाव के अनुरूप ध्यान का अभ्यास करना चाहिए, क्योंकि सभी का स्वभाव, गुण, कर्म एवं चित्त की अवस्था अलग-अलग है।

---

# जिले में 31 जुलाई तक चलाया जाएगा स्टॉप डायरिया अभियान

- पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को ओआरएस व जिंक की गोलियां की जाएगी वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टॉप डायरिया अभियान की शुरूआत की गई है। यह विशेष अभियान 31 जुलाई तक पूरे जिले में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की दस्त से होने वाली मृत्यु दर को शून्य पर लाना है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों की ओर से घर-घर जाकर 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोलियां वितरित की जाएगी।


डीसी अभिषेक मीणा।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज, जल जीवन मिशन, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभागों के सहयोग से जन जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को दस्त की रोकथाम की जानकारी प्रदान की जाएगी और बच्चों की देखभाल करने वालों में दस्त की रोकथाम और प्रबंधन से संबंधित सकारात्मक व्यवहार में बदलाव लाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**स्वच्छता की दी जानकारी**

सिविल सर्जन डॉ. नरेन्द्र दहिया व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि ओआरएस का पैकेट एक लीटर पानी में घोलकर पिलाने से बच्चे में निर्जलीकरण की स्थिति से बचा जा सकता है तथा इस दौरान अगर जिंक की टेबलेट साथ ली जाती है तो उससे दस्तो में तुरंत कमी आती है, जिसके कारण नवजात शिशुओं में दस्तो से होने वाले मृत्यु को रोका जा सकता है। उन्होने बताया कि इस अभियान के तहत प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों में स्वच्छता व हाथ धोने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाएगा तथा यह संदेश सभी घरों में पहुंचाया जाएगा कि खाने से पहले व शौच के बाद हाथ धोने से बच्चों में इन दस्त जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

---

# राजनीति विज्ञान विभाग से एमए के लिए 27 तक कर सकते आवेदन

- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 27 जून है तथा ऑनलाइन भरे गए फार्म की हार्ड कॉपी सभी दस्तावेजों के साथ राजनीति विज्ञान विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में राजनीति विज्ञान विभाग से एमए के दाखिले के लिए विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एमए राजनीति विज्ञान में कुल 60 सीटें हैं। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 27 जून है तथा ऑनलाइन भरे गए फार्म की हार्ड कॉपी सभी दस्तावेजों के साथ राजनीति विज्ञान विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई है। अभ्यर्थी 1 जुलाई से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। राजनीति विज्ञान विभाग की प्रवेश परीक्षा 4 जुलाई को 11:45 बजे से 1:15 बजे दोपहर तक आयोजित की जाएगी। दाखिला प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पी प्रकार के प्रश्नों के आधार पर होगी, जिसके लिए सिलेबस विश्वविद्यालय की सूचना विवरणिका में पृष्ठ संख्या 66 पर दिया गया है, विद्यार्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन से डाउनलोड कर सकते है। विभाग के अध्यक्ष डा. मुकेश कुमार यादव ने बताया कि राजनीति विज्ञान में एमए करने के बाद विद्यार्थी के पास नौकरी ओर उच्चतर शिक्षा के बहुत विकल्प होते हैं।


विभागाध्यक्ष डा. मुकेश कुमार यादव।

राजनीति विज्ञान विभाग के अनुभवी प्रोफेसर विद्यार्थियों को उच्चतम शिक्षा देने के लिए कड़ी मेहनत के साथ हमेशा तत्पर रहते है। विभाग में नई शिक्षा नीति के तहत चॉइस आधारित क्रेडिट सिस्टम है। प्रतिवर्ष आईजीयू के कई विद्यार्थी यूजीसी नेट, जेआरएफ व अन्य परीक्षा पास करते हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विभाग में पीएचडी का कोर्स भी प्रारंभ किया जाएगा।

---

# नशे से व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही हो जाता मौत का शिकार: एसपी

- जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव मालपुरा, डूंगरवास व जोनियावास में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से 26 जून तक मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा तहत नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।



**रेवाड़ी।** लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करती पुलिस टीम।

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने मंगलवार को गांव मालपुरा, डूंगरवास व जोनियावास में लोगों को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्त टीम ने लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। एसपी ने कहा कि सभी जिलावासी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा नशे का कारोबार करने वालों की सूचना तुरंत डायल 112 पर पुलिस को दें।

---

# यूनिवर्सिटी की दमनकारी कार्यवाही अलोकतांत्रिक व छात्र विरोधी: कॉमरेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

शहीद भगत सिंह यादगार कमेटी धारूहेड़ा ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार व कृषि महाविद्यालय बावल के छात्रों की मांगों का समर्थन दिया है तथा यूनिवर्सिटी प्रशासन व पुलिस के दमनकारी रवैये की कड़ी निंदा की है। कमेटी के अध्यक्ष कॉमरेड रमेशचंद्र ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

परंतु दुःख की बात है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से छात्रों की मांगों को मानने की बजाय आंदोलन को कुचलने के लिए लाठीचार्ज किया गया, जिसकी वजह से काफी संख्या में छात्र घायल हो गए। यूनिवर्सिटी प्रशासन की यह दमनकारी कार्यवाही एकदम अलोकतांत्रिक व छात्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह बावल कृषि महाविद्यालय में भी आंदोलनकारी छात्राओं के हॉस्टल में पुलिस का घुसना व ताक-झांक करना शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व छात्र विरोधी शिक्षा-नीति 2020 को जबरन लागू कर रही है, जिसके फलस्वरूप शिक्षा न सिर्फ मंहगी हो रही है, बल्कि शिक्षा का तेजी से निजीकरण व व्यापारीकरण भी किया जा रहा है।

कमेटी ने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर को बदलने, पुरानी छात्रवृत्ति योजना ही लागू करने, दोषी प्रोफेसर, सिक्योरिटी अधिकारी व कर्मचारियों पर अपराधिक मुकदमा दर्ज करने नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन में पुलिस दखल बंद करें तथा शिक्षण संस्थानों में लोकतांत्रिक माहौल बनाया जाए।

---

# जुलाई महीने के पहले सप्ताह में कर दी जाएगी कांग्रेस जिला प्रधान की घोषणा : कुलदीप इंदौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निजामपुर में नारनौल रोड स्थित एक फिलिंग स्टेशन पर संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग विधायक मंजू चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सांसद कुलदीप इंदौरा व प्रभारी महताब अहमद मुख्य रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने जिला संगठन गठित करने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया तथा आवेदकों की नेतृत्व क्षमता का आंकलन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में 36 बिरादरी का हित सुरक्षित है। सत्ता मिलने पर हमेशा पिछड़े वर्ग को उभारने का काम किया है, लेकिन बीते कई सालों से प्रदेश में संगठन नहीं रहा, जिस कारण वोटरों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाना संभव नहीं हो रहा है। तालमेल के आभाव में पार्टी को विधानसभा व लोकसभा चुनावों में नुकसान झेलना पड़ा था। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश में संगठन का सृजन किया जाएगा।


**नारनौल।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राय–शुमारी करते सांसद कुलदीप इंदौरा

**ये रहे मौजूद**

*इस दौरान चंद्रप्रकाश एडवोकेट, सत्यपाल दहिया, संजय पटीकरा, महेश सोडा, देवेंद्र नंबरदार, सतबीर झूकिया, रामसिंह रायमलिकपुर, सुरेश पार्षद, शीशराम एडवोकेट, राजेश रावत, प्रवीण चौधरी, होशियार रावत, पूर्व जिला प्रधान बबलू यादव, संदीप यादव, प्रदीप यादव, सुबेसिंह दनचौली, राव दारा सिंह, होशियार सिंह निजामपुर ने पर्यवेक्षक से मुलाकात करके उन्हें संगठन के संदर्भ में सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा में हमेंशा कांग्रेस का प्रभाव रहा है। संगठन सृजन होने के बाद पार्टी को मजबूती मिल सकेगी। पर्यवेक्षक सांसद कुलदीप इंदौरा ने बताया कि जिला प्रधान के लिए आवेदन लिए गए हैं, अब प्रत्येक आवेदक की नेतृत्व क्षमता का आंकलन किया जाएगा इसके बाद दायित्व सौंपना संभव हो पाएगा।*

---

# कनीना अस्पताल को एफआरयू मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार


**कनीना।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का आभार जताते भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

उप नागरिक अस्पताल को एफआरयू का दर्जा मिलने पर भाजपा के प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सदस्य मनीष गुप्ता व सतीश जांगिड़ ने आरती राव का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल की एफआरयू होने के बाद तीन दर्जन गांवों की करीब डेढ़ लाख की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य मन्त्री के चंडीगढ़ कार्यालय में पहुंचकर उनका अभिनन्दन किया। अस्पताल में ऑपरेशन सुविधा प्रारंभ होने से अटेली हलके के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अतिआधुनिक उपकरण उपलब्ध होने तथा चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति होने के बाद उपचार के लिए दूर जाने की आवश्यक्ता नहीं है।

---

### डीसी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए ली अधिकारियों की बैठक

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां समय रहते पूरा करें विभाग: डीसी

- कइस बार योग दिवस-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम पर मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राव तुलाराम स्टेडियम में 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी समय रहते पूरी करें। डीसी ने कहा कि इस बार योग दिवस-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास में योग की अहम भूमिका है। ऐसे में योग को दैनिक रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए स्वास्थ्य सुधार में हम आगे बढ़ सकते हैं। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम जिला मुख्यालय सहित सभी खंडों में प्रभावी ढंग से मनाया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि 19 जून को जिला के प्रत्येक गांव व वार्ड में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी, 20 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के लिए फाइनल रिहर्सल आयोजित होगी।


**रेवाड़ी।** योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी।

**20 जून को होगी योग दिवस की फाइनल रिहर्सल**

डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन अधिकारियों व कर्मचारियों सहित इस योग दिवस में भाग ले और प्रातः 6 बजे राव तुलाराम स्टेडियम में पहुंचे। उन्होंने पंचायत विभाग व आयुष विभाग के अधिकारियों के अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायतों व वार्डो में मुनादी कराने व 19 जून को योग जागरण यात्रा निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर सफाई, सौंदर्यकरण, रंगोली, पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर जिला आयुष विभाग के अलावा पतंजलि योगपीठ, नेहरू युवा केंद्र, जिला खेल विभाग, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, एनसीसी व एनएसएस विंग सहित स्कूल व कॉलेज तथा इच्छुक जन-साधारण हिस्सा लेंगे।उन्होंने बताया कि 21 जून को प्रातः 7 बजे से 8 तक योग प्रोटोकॉल अनुरूप अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम वाल, डीईओ सुभाष चन्द्र व जिला आयुर्वेद अधिकारी बसंत कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

---

### एसडीएम ने किया केशव नगर का निरीक्षण

**नारनौल।** सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविर में केशव नगर निवासी एक नागरिक की शिकायत पर एसडीएम रमित यादव ने मंगलवार को मौके का मुआयना किया। गौरतलब है कि शहर के केशव नगर के गली नंबर तीन में रहने वाले सत्यप्रकाश ने उनके पड़ोस में डेयरी के संचालन पर आपत्ति जताई थी। इस पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा निर्देश पर एसडीएम रमित यादव ने पड़ोसी को नियमों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने तुरंत प्रभाव से पशुओं के लिए रखा हारा वहां से हटवाया और निर्देश दिए कि भविष्य में पर्यावरण का ध्यान रखा जाए। इसके अलावा उन्होंने दो दिन के अंदर अंदर दीवार का निर्माण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के बाद फरार दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने 13 जून को पाल्हावास फ्लाईओवर पर बाइक को टक्कर मारकर फरार हुए राजस्थान के तिजारा निवासी ईको कार चालक बिशम्भर को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। रामपुरा थाना पुलिस ने नारनौल रोड पर 9 जून को हादसे के बाद फरार हुए गाड़ी चालक जयपुर निवासी वेदप्रकाश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हुड़दंगबाजी करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सोमवार की रात सिटी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली रोड पर श्मशान घाट के पास 4 लोग आपस में गुत्थम-गुत्था होकर गाली-गलौज कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर चारों को काबू कर लिया। भिवानी के कायला निवासी पवन, छिपटवाड़ा निवासी अशोक गुप्ता, बिहार के सतबेर निवासी विद्यानंद और अर्जुन कुमार शामिल हैं। चारों के खिलाफ शांति भंग करने का केस दर्ज किया गया है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदर्शन 15 जुलाई को

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मांगों को लेकर पूरे देश में 15 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से 12.30 तक जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आरडी शर्मा प्रधान रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से पेंशन वित्त विधेयक-2025 को वापस लेने, कम्यूट की गई राशि को सभी राज्यों के पेंशनर्स से 11वर्ष तक ही काटने, कोरोनाकाल का रोका गया महंगाई भत्ता 18 माह का ब्याज सहित देने, 65 वर्ष की आयु होने पर 10 प्रतिशत तथा 75 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत मूल पेंशन में वृद्धि करने मांग की जाएगी।

### बार-बार चेतावनी के बावजूद किए जा रहे निर्माण

# बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण, डीटीपी की जेसीबी चली, फार्म हाउस तक किए धराशाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

**डोहकी के राजस्व एरिया में डीटीपी का एक्शन**



रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी, अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी तथा अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति निर्माण करने का सिलसिला जिस तरह चल रहा है, उसी तरह डीटीपी की तोड़फोड़ की कार्रवाई भी निरंतर जारी है। मंगलवार को डोहकी राजस्व एरिया में डीटीपी की टीम ने चार एकड़ जमीन में तैयार हो रही कॉलोनी को ध्वस्त करने के साथ ही बिना अनुमति बनाए गए फार्म हाउस को भी जमींदोज कर दिया। पुलिसबल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

कंट्रोल्ड एरिया में प्लॉटिंग का कार्य लगातार चल रहा है। प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर अवैध तरीके से प्लॉटिंग कर रहे हैं। लोगों को जल्द कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की ओर से बीते साल कई कॉलोनियों को रेगुलर करने के बाद प्रॉपर्टी डीलरों ने ज्यादा धूम मचाई हुई है। मंगलवार को डीटीपी की टीम पुलिस बल के साथ डोहकी के राजस्व सीमा में पहुंची। वहां टीम ने चार एकड़ में बनी 17 डीपीसी, 8 प्रीकास्ट चारदीवारी व अवैध फार्महाउस को जमींदोज कर दिया। डीटीपी की इस कार्रवाई से निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया, परंतु पुलिसबल की मौजूदगी के कारण वह अपनी योजना में कामयाब नहीं हो सके। डीटीपी के एक्शन के बाद कॉलोनी काटने वाले लोगों में एक बार फिर हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई है।

#### फसल कटाई के बाद पकड़ा जोर

रबी की फसल कटाई के बाद एक बार फिर से प्लॉटिंग का कार्य तेज हो गया है। प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर प्लॉट काटते हैं। इसके बाद प्लॉटों की बिक्री करते हैं। प्लॉट खरीदने के बाद जब लोग निर्माण का कार्य शुरू करते हैं, तो डीटीपी की टीम उसे ध्वस्त कर देती है। प्लॉट बेचने वाले लोग अपना काम करने के बाद खरीददारों को भाग्य भरोसे छोड़ देते हैं। उन्हें दोहरा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

#### अवैध कॉलोनियों में नहीं खरीदें प्लॉट



कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति निर्माण करने की इजाजत किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकती। प्लॉट खरीदने से पहले लोग यह सुनिश्चित करें कि वह नियमित कॉलोनी में ही हो। अनएप्रूव्ड कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को तोड़फोड़ की कार्रवाई का सामना हर हाल में करना पड़ेगा, इसलिए वह पहले ही डीटीपी ऑफिस से कॉलोनी के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

-मंदीप सिंहाग, डीटीपी।



रेवाड़ी। महिला एवं बाल विकास विभाग के योग प्रशिक्षण शिविर में योग करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## आंगनबाड़ी वर्करों ने योगासन व प्राणायाम का किया अभ्यास

- नाहड़ के राबमावि में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

नाहड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक समता एवं नीलम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों ने वज्रासन, त्रिकोणासन, ताड़ासन, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी व कपालभाति सहित अनेक आसनों का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक समता ने कहा कि नित्य प्रति 30 से 45 मिनट तक योगाभ्यास करने से शरीर निरोगी व मन शांत होता है। आज के युग में जिस प्रकार से सुविधाजनक जीवन व सोशल मीडिया का अत्याधिक प्रयोग किया जा रहा है, उससे महिलाओं में बीमारियों होने का खतरा बना रहता है, जिसका सरल उपाय योगाभ्यास है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। योग प्रशिक्षक नीलम ने बताया कि 21 जून को भारत सहित दुनिया के दो सौ से अधिक देशों में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। कोसली उपमंडल में भी आयुष विभाग की तैयारियों की जा रही हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा, उपदेश, उर्गता, यशु यादव व प्रियंका सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।

बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के प्रति लोगों की काफी आस्था है

# बड़ा तालाब हनुमान मंदिर में लगाई छबील, पिलाई ठंडाई



रेवाड़ी। छबील पर ठंडाई पीते हुए श्रद्धालु तथा मंदिर में बाबा के दरबार में हाजरी लगाते हुए भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- ठंडाई की छबील पर पूरे दिन काफी भीड़ रही

बड़ा तालाब हनुमान मंदिर मंडली की ओर से मंगलवार को प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने श्रद्धालुओं व राहगीरों के लिए छबील लगाई गई। बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के प्रति लोगों की काफी आस्था है। प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में जिले सहित आसपास के हजारों लोग बाबा के दरबार में मत्था टेकने के लिए आते है। भक्तों की ओर से भंडारे व छबील की व्यवस्था की जाती है। मंगलवार को लगी छबील पर श्रद्धालुओं को ठंडाई पिलाई गई। युवाओं की ओर से लगाई गई ठंडाई की छबील पर पूरे दिन काफी भीड़ रही। छबील पर सतीश, राहुल शर्मा, चिराग शर्मा, रोहित पोसवाल, महेश कोटिया, नरबीर सिंह, एडवोकेट लोकेश नंदवानी, निक्कू रुस्तगी, हिमांशु कोटिया, शिवचरण, मयंक भारद्वाज व मयंक सोनी सहित अनेक भक्तों ने योगदान दिया।

# भटेड़ा के दो सगे भाइयों ने नीट परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

- नीट परीक्षा में सफल रहे खुशहाल व यशमनोज कुमार राजस्थान में रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर है
- दोनों भाइयों को इस उपलब्धि पर ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। नीट परीक्षा में सफल रहे खुशहाल व यश। फोटो : हरिभूमि

गांव भटेड़ा निवासी दो सगे भाई खुशहाल और यश ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनके पिता मनोज कुमार राजस्थान में रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर है। खुशहाल ने नीट की परीक्षा में 720 में से 568 अंक प्राप्त किए, वहीं उसके छोटे भाई यश ने 720 में से 557 अंक लेकर गांव का नाम रोशन किया है। दोनों भाइयों को इस उपलब्धि पर ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया गया। बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार, धर्मवीर सरपंच, अनूप नंबरदार, खेमराम, ओमप्रकाश ओडीओ, रविंद्र, भोपाल सिंह, सुंदरलाल, मास्टर सतवीर, महेश, मास्टर विनय, रिंकू, राव सिंह, जसवंत, मुंशीराम, विजय, प्रहलाद, विनोद कुमार और अशोक कुमार ने दोनों को बधाई दी। दोनों युवाओं ने बताया कि उनके दादा का उन्हें डॉक्टर बनाने का सपना था, जिसके चलते उन्होंने कड़ी मेहनत लगन से नीट की परीक्षा पास की।

## योग जागरूकता रैली का आयोजन



रेवाड़ी। गांव बीकानेर में योगाभ्यास करते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** मंगलवार को गांव बीकानेर में योग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बीकानेर में चल रही योग कक्षा में आयुष विभाग से योग सहायक वर्षा रानी ने बच्चों व ग्रामीणों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य के नेतृत्व में योग जागरूकता रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि रैली का उद्देश्य लोगों में योग के प्रति जागरूकता पैदा कर नियमित रूप से योग करने हेतु प्रेरित करना है। पतंजलि योग समिति जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहेंगे।

# एडीएम ने कोसली व नाहड़ तहसील का किया निरीक्षण, सीसीटीवी लगवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। उपमंडल सचिवालय भवन का निरीक्षण करते हुए एसडीएम विजय कुमार।

एसडीएम विजय कुमार यादव ने मंगलवार को कोसली व नाहड़ तहसील तथा उपमंडल सचिवालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दोनों तहसील कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और सचिवालय भवन की मरम्मत एवं सफाई करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पहले नाहड़ और फिर कोसली में तहसील कार्यालयों का निरीक्षण किया तथा दोनों स्थानों पर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि जमीन के इंतकाल, नकल, फर्द, जमाबंदी, तकसीम जैसे कार्यों में आम आदमी को परेशानी नहीं आनी चाहिए। नागरिकों से राजस्व विभाग की निर्धारित फीस ली जाए। उन्होंने कहा कि कोसली व नाहड़ दोनों तहसील में शीघ्र अति शीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। इसके बाद एसडीएम ने कोसली के उपमंडल सचिवालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि भवन के प्रथम व द्वितीय तल पर शौचालयों की रिपेयर कराई जाए। निर्माण सामग्री का मलबा शीघ्र उठाया जाए। एसडीएम ने कहा कि सचिवालय भवन की बिल्डिंग सुंदर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने दूषित पानी की निकासी के लिए एसडीओ अनिल स्वामी को सीवरेज लाइनें साफ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, जेई योगदीप, रीडर सुनील, कानूनगो व पटवारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। कॉलेज में वीसी का पुतला फूंकते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

## बावल कृषि कॉलेज में धरना जारी छात्रों ने वीसी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

कृषि कॉलेज बावल में मंगलवार को सातवें दिन भी छात्रों का धरना जारी रहा। कॉलेज के छात्र हिसार यूनिवर्सिटी के छात्रों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन कर रहे है। छात्रों ने मांगे पूरी होने तक कक्षाओं का भी बहिष्कार किया हुआ है। मंगलवार को छात्रों ने वाइस चांसलर का पुतला फूंका। इस मौके पर किसान नेता रामकिशन महलावत सहित अनेक लोग मौजूद थे। छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। किसान नेता रामकिशन महलावत ने कहा कि छात्रों के साथ पूरा प्रदेश खड़ा है। लाठी चार्ज के आरोपियों को निलंबित किया जाए और स्कॉलरशिप पहले की तरह लागू होनी चाहिए। पुलिस ने छात्रों पर नहीं देश के भविष्य पर लाठीचार्ज किया गया है। सरकार शिक्षा को पूरी तरह खत्म करना चाहती है। होनहार छात्रों को स्कॉलरशिप मिलती है और गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। छात्रों और कॉलेज प्रबंधन के बीच बैठक भी आयोजित हुई। प्राचार्य नरेश कौशिक ने बताया कि कुछ छात्र एग्जाम देने आए है। छात्रों की सभी मांगे मानी जा चुकी है, उन्हें एग्जाम देने चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

## फर्जी सोसायटी में इन्वेस्ट के नाम पर ठगी, दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** फर्जी सोसायटी बनाकर संघी का बास के एक व्यक्ति से पैसा इन्वेस्ट करने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में दीपांशु ने बताया कि मार्च 2022 में कुंभावास निवासी करतार सिंह व आदर्श नगर निवासी मनोज कुमार उसके घर आए थे। उन्होंने बताया कि वह ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड चिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. के साथ जुड़े हुए हैं। इस सोसायटी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा दिया जाता है। दोनों ने उसे और उसके पिता नरेंद्र को बताया कि 36 माह तक नियमित निवेश करने पर परिपक्वता राशि के रूप में 88236 रुपये मिलते हैं। उनकी बातों में आकर उसे और उसके पिता ने इन्वेस्टमेंट करने का मन बना लिया। दोनों ने उनसे कुछ कागजों पर साइन भी कराए थे। उसने और उसके पिता ने इस साल मार्च माह तक 72 हजार रुपये इन्वेस्ट कर दिए। दोनों हर माह 2 हजार रुपये का भुगतान करते थे।

**फर्जी सोसायटी चलाने वाले हुए गायब :** दीपांशु ने पुलिस शिकायत में बताया कि परिपक्वता की रकम हासिल करने के लिए जब उसने दोनों आरोपियों से बात की तो पता चला कि सोसायटी फर्जी थी, जिसे चलाने वाले लोग फरार हो चुके थे। इन दोनों ने उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। जब उसने करतार और मनोज से पैसे लौटाने को कहा, तो दोनों ने पैसे देने से मना कर दिया। सिटी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## मारपीट के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**कोसली।** बव्वा गांव में एक व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निवासी जितेंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि वह अपने घर में बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले बलवान ने वहां आकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उसने आरोप लगाया कि गाली देने से मना करने पर बलवान, महेंद्र व कुनाल ने वहां आकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बचाव करने के लिए उसके परिवार के सदस्य आगे आए, तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान उसने डायल-112 पर फोन कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।

**जागरूकता शिविर** यूनिट के इंचार्ज नीरज कुमार ने नशे के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत करवाया

# एनसीबी जिला टीम ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

- मंगलवार को एनसीबी जिला यूनिट द्वारा निजी कोचिंग सेंटर में किया गया शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कोचिंग सेंटर में नशा न करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार के आदेश पर नारकोटिक्स विभाग की ओर से पूरे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ समाज को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को एनसीबी जिला यूनिट की ओर से निजी कोचिंग सेंटर में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिट के इंचार्ज नीरज कुमार ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। एनसीबी की ओर से सभी को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने बताया कि 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में जिले में नशा मुक्त पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जागरूकता प्रोग्राम, रैली और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी से योग जैसी अच्छी आदतों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा की नशा समाज को दीमक की तरह खाली कर रहा है, हमारी युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त हो चुकी है, इसलिए हम सभी को मिलकर नशे को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस. जीओवी.इन और हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91509 पर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।